हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

मेट्रो सिटी

नागपुर, बुधवार, 18 जून 2025

नितिन गडकरी का 21 जून को सार्वजनिक साक्षात्कार

नागपुर. भारतीय जनता पार्टी नागपुर महानगर की ओर से शनिवार 21 जून को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का सार्वजनिक साक्षात्कार आयोजित किया गया है। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. उदय निरगुडकर दोपहर 12 बजे रेशमबाग स्थित कविवर्य सुरेश भट्ट सभागृह में साक्षात्कार लेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने अपने 11 साल के कार्यकाल में देश को दुनिया में सम्मान दिलाया है। उस पृष्ठभूमि में, बदलती अर्थव्यवस्था और विकसित भारत के संबंध में केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल के तहत, नितिन गडकरी के साथ एक साक्षात्कार आयोजित किया गया है, ऐसा विधायक संदीप जोशी और भाजपा शहर अध्यक्ष दयाशंकर तिवारी ने बताया।

फार्मास्युटिकल कंपनी में बॉयलर पाइप ब्लास्ट से हुआ बड़ा हादसा

> एक मजदूर की मौत, छह गंभीर घायल

नागपुर.

नागपुर मार्ग स्थित भिलगाव शिवार में स्थित अंकित पल्स अँड बोड्र्स प्रायव्हेट लिमिटेड फार्मास्युटिकल कंपनी में मंगलवार सुबह एक गंभीर हादसा हुआ। गरम केमिकल युक्त रिएक्टर नोजल पाइप के ब्लास्ट होने से सात मजदूर बुरी तरह झुलस गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन 42 वर्षीय सुधीर रामेश्वर काळबांडे की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 10;30 बजे घटी, जब तीसरी मंजिल पर कार्यरत सात मजदूर हाई टेम्परेचर केमिकल मिक्सिंग प्रक्रिया के दौरान काम कर रहे थे। तभी अचानक रिएक्टर नोजल पाइप फट गया, और उबलता हुआ केमिकल सीधे मजदूरों के शरीर पर गिरा।

इस हादसे में सुधीर रामेश्वर कालबांडे (42), निवासी दत्तनगर, कन्हान, ता. पारशिवनी निवासी की

मौत हो गई जबकि 6 अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों में दिनेश टेंभुर्णे (60), इंदोरा, मंगेश राऊत (32), हुडकेश्वर, युनूस मेहबूब खान (38), कामठी, स्वप्नदीप वैद्य (46), इंदोरा, आशिष रमेश वाडकुले (३५), कन्हान, पारशिवनी, गणेश रामदास वानखेडे (55), सुंदर नगर, भांडेवाडी का समावेश है।

घायलों को कामठी-कलमना मार्ग पर स्थित सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। दिनेश टेंभुर्णे और मंगेश राऊत की हालत चिंताजनक बताई गई है और उन्हें नागपुर के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही तहसीलदार गणेश जगदाले, पुलीस उपायुक्त निकेतन कदम, सहाय्यक पुलीस उपायुक्त विशाल शिरसागर, वरिष्ठ पुलीस निरीक्षक महेश आंधले, एपीआय सचिन यादव, तथा पु.उ.नि. जितेंद्र तिवारी ने घटनास्थल व

अस्पताल का दौरा किया और घायलों की स्थिति का जायजा लिया। मृतक सुधीर कालबांडे के निधन की खबर मिलते ही उनकी पत्नी किरण कालबांडे, भाई संदीप, और पिता रामेश्वर कालबांडे अस्पताल में फूट-फूट कर रोने लगे। मृतक के पीछे दो बेटे और एक बेटी है।

कामगारों में असंतोष और कंपनी पर सवाल

कई मजदूरों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कंपनी द्वारा किसी भी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई जाती। लगातार रासायनिक उत्पादनों के बीच कार्य करने के बावजूद सुरक्षा उपकरण, प्रशिक्षण या आपातकालीन उपायों का अभाव है। यह लापरवाही इस दुर्घटना का मुख्य कारण बताई जा रही है। शव विच्छेदन से पहले मृतक के परिवार ने आर्थिक मुआवजा और बेटे को नौकरी देने की मांग की। काफी देर तक चर्चा के बाद कंपनी प्रबंधन ने यह मांग स्वीकार की, जिसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। नवीन कामठी पुलिस ने फिलहाल इस मामले में अकस्मात मृत्यु के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

भीड़ का फायदा उठाकर 60 हजार के गहने उड़ाए

> पुलिस ने महिला आरोपी को किया गिरफ्तार

नागपुर.

सीताबर्डी बस स्टॉप पर एक महिला की सोने की चेन चोरी करने के मामले में पुलिस ने तेज़ी से कार्रवाई करते हुए एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर यह चोरी की थी। पुलिस के अनुसार, पीड़िता राधाबाई धरमसिंग चव्हाण (57) स्वामी विवेकानंद नगर, कन्हान निवासी दिनांक 15 जून 2025 को मोरभवन बस स्टॉप पर अपने घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान भीड़भाड़ का फायदा उठाकर एक अज्ञात महिला ने उनके हैंडबैग से करीब 15 ग्राम वजनी सोने का गोप जिसकी अनुमानित कीमत 60,000 है, और 3,000 नकद चुरा लिए। कुल चोरी 63,000 की हुई। घटना की जानकारी मिलते ही सीताबर्डी पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की। पुलिस ने लोकल सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी विश्लेषण किया। इस दौरान गुप्त सूचना के आधार पर रामेश्वरी टोली, अजनी इलाके में जाल बिछाया गया। पुलिस टीम ने महिला आरोपी पार्वती संजय लोंढे (42 वर्ष) को हिरासत में लिया और पूछताछ की।

पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने यह चोरी अपने तीन साथियों सुनिता सुनिल लोंढे, मैना राजेश मानकर और पुनम संजय मानकर सभी निवासी रामेश्वरी टोळी अजनी – के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी गया 15 ग्राम सोने का गहना बरामद कर लिया है।

वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 2.15 लाख का माल जब्त

> जुनी कामठी पुलिस की कार्रवाई

नागपुर.

जुनी कामठी पुलिस ने गुप्त जानकारी और तकनीकी जांच के आधार पर एक वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुल दो मोटरसाइकिलें, एक मारुति सुजुकी अल्टो कार और तीन मोबाइल फोन सहित कुल 2.15 लाख मूल्य का माल जब्त किया गया है। यह कार्रवाई 23 मई की रात से 24 मई की सुबह के बीच हुई वाहन चोरी की जांच के दौरान की गई। फिर्यादी सारंग प्रभाकर गायधने (30) हनुमान नगर, पेरकीपुरा, कामठी निवासी की हीरो स्प्लेंडर बाइक (क्र. एम एच 40 सीजे 0632) उनके घर के बाहर से चोरी हुई थी, जिसकी कीमत लगभग 50 हजार आँकी गई थी। इस शिकायत के आधार पर जुनी कामठी पुलिस थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया गया था। तकनीकी जांच और गुप्त जानकारी के आधार पर, पुलिस ने मध्यप्रदेश के शिवनी जिले से अनुराग ग्यानसिंह मरस्कोल्हे (22) को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने इस चोरी को अपने तीन साथियों सतीश बोपचे (25), पालेंद्र पारधी (24) और राकेश हरीणखेडे (30) के साथ मिलकर अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस द्वारा की गई गहराई से पूछताछ में, आरोपियों ने लकडगंज थाना क्षेत्र से एक और बाइक (सीडी डीलक्स, क्र. एमएच 49 के 6573, कीमत 35,000) चोरी करने की भी कबूली दी। इस कार्रवाई के दौरान 2 मोटरसाइकिलें, 1 मारुति सुजुकी अल्टो कार (क्र. एम एच 43 एजे 2082), 3 मोबाइल फोन सहित करीब 2.15 लाख का माल जप्त किया गया। यह कार्यवाही पुलिस उप आयुक्त निकेतन कदम तथा सहायक पुलिस आयुक्त माननीय विशाल क्षिरसागर के मार्गदर्शन में की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमडे, सहायक पुलिस निरीक्षक मनीष हिवरकर, महिला पुलिस उपनिरीक्षक मीना झाडे और पुलिस कर्मचारी गणेश पोराटे, श्रीकांत, अंकुश, अमित, राजकुमार, विवेक व शारीक ने सराहनीय योगदान दिया।

सीताबर्डी महिला सिलाई क्लस्टर परियोजना में सशक्तिकरण की नई मिसाल

नागपुर.

सीताबर्डी महिला सिलाई क्लस्टर विकास परियोजना ने महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय प्रगति की है। कौशल विकास और आर्थिक अवसरों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से यह परियोजना शुरू की गई है। नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त वैष्णवी बी ने सोमवार (तार.16) को इस परियोजना का दौरा किया। इस अवसर पर नगर निगम की उपायुक्त डॉ. रंजना लाडे और अन्य अधिकारी मौजूद थे। अतिरिक्त आयुक्त वैष्णवी बी. ने महिला सिलाई क्लस्टर विकास परियोजना में कार्यरत महिला कारीगरों के अनुभवों के बारे में जाना तथा परियोजना की प्रगति की सराहना की। उनके दौरे से महिला प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन हुआ तथा परियोजना की सफलता के प्रति उनका आत्मविश्वास बढ़ा। परियोजना का औपचारिक उद्घाटन नगर आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने किया।

प्रशिक्षण और कौशल विकास: यूनिफ़ॉर्म सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाएं बहुमूल्य कौशल प्राप्त कर रही हैं। पाठ्यक्रम के अनुसार, उन्हें बुनियादी सिलाई तकनीक सिखाई गई , जिससे वे सिलाई मशीन की गति और काम करने के तरीकों से परिचित हो गईं। नौ सप्ताह के प्रशिक्षण के बाद , प्रशिक्षुओं ने शर्ट , पैंट और सलवार कुर्ती बनाने के कौशल में सफलतापूर्वक महारत हासिल कर ली है । सिलाई के अलावा, कार्यक्रम संचार कौशल , नेतृत्व और व्यावसायिक प्रक्रियाओं पर भी प्रशिक्षण दे रहा है ।

बैच 1 और बैच 2 की प्रगति: बैच 1 में 30 प्रशिक्षु थे , जिनका प्रशिक्षण 24 फरवरी 2025 को शुरू हुआ और 24 मई 2025 को पूरा हुआ। वर्तमान में बैच 2 के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है , जिसमें 23 प्रवेश पूरे हो चुके हैं। प्रत्येक बैच में कुल 30 लाभार्थियों को शामिल करने का लक्ष्य है , और शेष प्रवेश 20 जून 2025 तक पूरे होने की उम्मीद है।

बढ़ते ऑर्डर और प्रेरणा : परियोजना को कई ऑर्डर मिले हैं , जिससे प्रतिभागियों की प्रेरणा बढ़ी है और क्लस्टर में उनकी स्थिरता सुनिश्चित हुई है। पहला ऑर्डर सकर फेयर इनकॉर्पोरेटेड से प्राप्त हुआ है , जबकि नेताजी मार्केट एनएमसी स्कूल और शिवशक्ति एंटरप्राइजेज से यूनिफॉर्म के लिए लगातार ऑर्डर मिले हैं। एनएमसी स्कूल के लिए नियमित यूनिफॉर्म और स्काउट गाइड यूनिफॉर्म के 38 सेट तैयार किए गए हैं , जिनकी डिलीवरी 16 जून, 2025 को की जा रही है। इसके अलावा , शिवशक्ति एंटरप्राइजेज के लिए स्कूल यूनिफॉर्म के उप-ऑर्डर पर अभी काम चल रहा है।

व्यापक सहायता और भविष्य की योजनाएं: व्यावसायिक प्रशिक्षण के अलावा , परियोजना लाभार्थियों को परामर्श सेवाओं के माध्यम से व्यक्तिगत और पारिवारिक समस्याओं को हल करने में मदद करती है। सामान्य जागरूकता सत्रों में लाभार्थियों और उनके परिवारों को उपलब्ध सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाती है और उन्हें इन योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। सिलाई क्लस्टर के लिए नए ऑर्डर सुरक्षित करने के लिए समानांतर रूप से बाजार अनुसंधान किया जा रहा है , जिससे इसकी निरंतर वृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित होगी।

शिकायत निवारण दिन में मिली 369 शिकायतों का पुलिस ने किया समाधान

नागपुर.

शहर पुलिस आयुक्तालय द्वारा नागरिकों की लंबित शिकायतों के निवारण के उद्देश्य से दिनांक 14 जून शनिवार को शिकायत निवारण दिन का आयोजन शहर के सभी पुलिस थानों में किया गया। इस विशेष पहल का संचालन नागपुर के पुलिस आयुक्त रविंद्रकुमार सिंगल के आदेशानुसार किया गया। इस दिन नागरिकों की कुल 369 शिकायतों का निराकरण किया गया, जिसमें वरिष्ठ स्तर की 179 और स्थानीय स्तर की 190 शिकायतें शामिल थीं।

कुल 339 शिकायतकर्ता स्वयं संबंधित पुलिस थानों में उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखीं। हर पुलिस थाने पर नियुक्त वरिष्ठ अधिकारियों ने शिकायतें सुनीं और संबंधित मामलों में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। नागपुर शहर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे प्रत्येक शनिवार, प्रातः 12 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच अपने क्षेत्र के संबंधित पुलिस थाने में तक्रार निवारण दिन में भाग लें।

स्विमिंग पूल में हो साफ और विसंक्रमित जल

दूषित होने से बचाने में हो सबकी ज़िम्मेदारी

नागपुर.

स्विमिंग पूल स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत मायने रखते हैं। विशेषकर वे हाईस्कूल, यूनिवर्सिटी में तैराकी टीमों जैसी प्रतिस्पर्धी एथलेटिक्स के लिए भी होते हैं। कई पूल होटलों, फार्म हाउस में भी होते हैं और कुछ संस्थागत समुदाय अपने सदस्यों के लिए भी पूल प्रदान करते हैं। स्विमिंग पूल में आमतौर पर क्लोरीनयुक्त पानी या खारे पानी का उपयोग किया जाता है, लेकिन क्रिप्टोस्पोरिडियम और गियार्डिया अत्यंत संक्रामक परजीवी, क्लोरीन के प्रति अत्यधिक प्रतिरोधी होते हैं। जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपुर के मीडिया प्रभारी डॉ एम ए रशीद का मानना है कि पूलों के उचित कीटाणुशोधन रखरखाव और उनकी शुद्धता, स्वच्छता के प्रति आवश्यक रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए।

इसमें सबसे पहले पानी में कीटाणुओं को जाने से रोकना बहुत अहमियत रखता है। इनमें किसी भी प्रकार के वायरस (जैसे हेपेटाइटिस ए और नोरोवायरस), बैक्टीरिया (शिगेला प्रजाति, ई. कोली) परजीवी (क्रिप्टोस्पोरिडियम और गियार्डिया) आदि से स्विमिंग पूल का पानी संक्रमित नहीं हो सकेगा। कुछ पूल में तेज़ गंध इस बात का इशारा करती है कि पूल में काफ़ी मात्रा में गंदगी (जिसमें मूत्र और पसीना भी शामिल है) जा रही है। कई कीटाणु स्विमिंग पूल के पानी में एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में मैल के माध्यम से फैलते हैं, ऐसा लोगों द्वारा 'मैले पानी' को निगलने से संभव होता है। संयुक्त राज्य अमेरिका के रोग नियंत्रण और

रोकथाम केंद्रों के अनुसार औसतन लगभग 0.14 ग्राम 'मैल' लोगों की त्वचा से बहकर पानी में चला जाता है। दूषित पानी किसी तैराक द्वारा निगला भी जा सकता है।

दुर्भाग्यवश दूषित पानी निगल लेने से दस्त, सूजन, बुखार, मतली और उल्टी सहित कई लक्षण दिखाई दे सकते हैं या फिर फंगल इंफेक्शन लोगों को परेशानी में डाल देते हैं। इसलिए सभी स्विमिंग पूल पर पानी की स्वच्छता वाले इस प्रकार के दिशा निर्देश एक सूचना पटल पर दर्ज भी होने चाहिए।

मनपा के स्वास्थ्य विभाग को भी इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। स्विमिंग पूल की स्वच्छता को लेकर हम सभी को सबसे पहले पूल से कीटाणुओं को दूर रखने की ज़िम्मेदारी लेना चाहिए और कुछ समझदारी भरे कदम उठाने की आवश्यकता है, विशेष कर शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए एक अलग तैराकी क्षेत्र होना चाहिए ताकि उनके द्वारा उत्सर्जित पदार्थ या वस्तुओं से दूसरे संक्रमित होने से बच सकें और ऐसे पूल खाली कर उसमें स्वच्छ जल को भरा जा सके।

डीचोकिंग : नागपुर शहर में अब खुलकर सांस ले पा रहे हैं 550 पेड़

नागपुर.

तेजी से हो रहे शहरीकरण और कंक्रीट के जाल में घिरते पर्यावरण के बीच नागपुर महानगरपालिका की एक सकारात्मक पहल सामने आई है। शहर की सड़कों और गलियों में वर्षों से पेड़ों के चारों ओर जमा सीमेंट और कंक्रीट को हटाया जा रहा है, जिससे अब ये पेड़ खुलकर "सांस' ले पा रहे हैं। यह कार्य मनपा के विभिन्न 10 जोन में एक साथ शुरू किया गया है और इसका प्रभाव धीरे-धीरे पूरे शहर में दिखाई देने लगा है। अब तक शहर में कुल 550 पेड़ों के आधार से कंक्रीट हटाया जा चुका है।

पिछले कुछ वर्षों में देखा गया है कि, शहर में पेड़ों के चारों ओर

सीमेंट और कंक्रीट भरने की प्रवृत्ति बढ़ गई थी, इससे पेड़ों की जड़ों को हवा और पानी नहीं मिल पा रहा था। पेड़ अंदर ही अंदर सूखने लगे थे, जिससे न सिर्फ हरियाली में कमी आई, बल्कि यह पर्यावरण असंतुलन की ओर भी संकेत देने लगा। मनपा के गार्डन विभाग ने इस खतरे पर संज्ञान लेकर एक विशेष अभियान के तहत "ट्री डीचोकिंग' (पेड़ों के चारों ओर से कंक्रीट हटाना) की प्रक्रिया शुरू की है। अब तक शहर में कुल 550 पेड़ों के आधार से कंक्रीट हटाया जा चुका है। अन्य शहरों के लिए प्रेरणा बन सकती है पहल : पेड़ की जड़ों को खुला स्थान मिलने से न केवल ऑक्सीजन और जल का संचार बेहतर होता है, बल्कि यह पेड़ों की आयु को भी बढ़ाता है। साथ ही इससे मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहती है। यह पहल आने वाले समय में अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणा बन सकती है। शहरी क्षेत्रों में पेड़ों को संरक्षित रखने के लिए ऐसे कदम आवश्यक हो गए हैं, क्योंकि तेजी से बढ़ते कंक्रीट जंगलों में पेड़ों का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है। सभी 10 जोन में पेड़ों के ऊपर से कंक्रीट निकालने का काम शुरू कर दिया है। जब तक हर एक जोन में 'डीचोकिंग' का काम पूरा नहीं हो जाता, तब तक यह अभियान जारी रहेगा।

क्राइम ब्रांच ने लापता नाबालिग बालक को किया बरामद

नागपुर. गिट्टीखदान थाना क्षेत्र से लापता हुए 14 वर्षीय नाबालिग बालक को क्राइम ब्रांच की अनैतिक मानवी वाहतूक प्रतिबंध पथक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुरक्षित बरामद कर लिया। यह कार्रवाई 8 जून को हुई शिकायत की जांच के बाद की गई। जानकारी के अनुसार गिट्टीखदान क्षेत्र में रहने वाले 40 वर्षीय फिर्यादी का नाबालिग बेटा 8 जून को दोपहर 2:30 बजे के आसपास बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गया था और देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। पुलिस उपायुक्त राहुल माकणीकर व सहायक पुलिस आयुक्त अभिजीत पाटील के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच के मानवी वाहतूक प्रतिबंध पथक की टीम ने दिनांक 17 जून को प्राप्त एक विश्वसनीय सूचना के आधार पर के.टी. नगर परिसर में तलाशी अभियान चलाया। बालक को वहां से सुरक्षित रूप से ढूंढ निकाला गया।

आठ गांवों में बाघ की दहशत

15 दिन बाद भी वन विभाग खाली हाथ

नागपुर.

जिले के पारशिवनी व रामटेक क्षेत्र के 8 गांवों में बाघ की दहशत बनी हुई है। इन गांवों के लोग रात के समय घर बाहर नहीं निकल सकते हैं। दिन में भी खेत में अकेले जाने में उन्हें डर लग रहा है। हालांकि, वन विभाग की टीम लगातार बाघ को पकड़ने की कोशिश कर रही है, लेकिन 15 दिन बाद भी बाघ हाथ नहीं लग सका है, जिससे ग्रामवासियों की चिंता बढ गई है। बता दें कि, जून माह के शुरूआत में पारशिवनी में इस बाघ ने एक व्यक्ति की जान ले ली थी, तब से रेस्क्यू टीमें बाघ को पकड़ने की कोशिश कर रही हैं।

पारशिवनी तहसील उरवाडा गांव में इस बाघ ने किसान रवि कवडू कालसर्प (42) पर हमला कर उसकी जान ले ली थी। इस घटना के बाद बाघ और किसी पर हमला न करे, इसलिए इसे पकड़ने का फरमान नागपुर वन मुख्यालय ने जारी किया

था, तब से नागपुर, भंडारा व गोंदिया की टीमें बाघ को पकड़ने में लगी हैं। बाघ लगातार आंख मिचौली खेल रहा है। कई बार मौका आया, लेकिन बाघ हर बार चकमा देने में सफल हो रहा है। रेस्क्यू टीम से बचकर यह बाघ अब न्यूरवाड़ा, विठोली, नवेगांव खैरी, पाली, पाला सावली, बाबूखेड़ा, सालई, आमगांव में घूम रहा है, जिससे इन गांवों के लोगों में बाघ को लेकर दहशत बनी हुई है। इस साल पारशिवनी में बाघ के हमले की तीसरी घटना हुई है, जिससे क्षेत्र में बाघ का आतंक बढ़ गया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि, बाघ को सर्च करने के लिए 4 ड्रोन व 45 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बाघ की गतिविधियां पकड़ में आ रही हैं, लेकिन बाघ पानी के पास होने से उसके रेस्क्यू करने में थोड़ी दिक्कत आ रही है। बाघ ने किसान के साथ गांव परिसर में दो मवेशियों को भी अपना निवाला बनाया है बाघ की पहचान एक फ्लोटिंग बाघ के रूप में हुई है। उसने अपना क्षेत्र यही बना लिया है। वन विभाग ने जंगल से सटे खेतों में काम करने वाले किसानों को सतर्क किया है। उन्हें सूचित किया गया है कि, अकेले काम न करें। खेत के आस-पास कंटिली सुरक्षा दीवार बनाएं। खेत में जाते समय हाथ में औजार रखें, जैसे कुल्हाड़ी आदि। खेत में रात तक न रुकें। खेत में रहने की नौबत आए, तो रात को मचान पर रुकें, साथ में टॉर्च, मोबाइल रखें, मोबाइल पर गाने बजाते रहें।

ग्रामीण आदिवासी क्षेत्रों की सड़कें बदहाल

स्कूली बस सेवाएं हो सकती हैं प्रभावित, चिखली-नागाझरी, मासोद-धानोली मार्गों पर मरम्मत का अभाव, नागरिकों में रोष

कोंढाली.

काटोल तहसील के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सड़कें जर्जर अवस्था में पहुंच गई हैं। विशेषकर चिखली-नागाझरी, मासोद-धानोली, और हाईवे से जामगढ़ तक के मार्गों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। इन मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, किसानों और अन्य नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय जानकारी के अनुसार, चिखली-नागाझरी मार्ग की खराब स्थिति के कारण स्कूली छात्रों के लिए संचालित बस सेवाएं भी जल्द ही प्रभावित हो सकती हैं। इन सड़कों की मरम्मत के लिए स्थानीय स्वराज संस्था के पदाधिकारियों द्वारा कई बार प्रस्ताव भेजे गए हैं, किंतु निधि की कमी के कारण अब तक मरम्मत कार्य आरंभ नहीं हो सका है।

विगत दो-तीन वर्षों से लगातार हो रही अतिवृष्टि ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है। मासोद-घोड़ाडोंगरी, चिखली-नागाझरी, धोतीवाड़ा-खापा, दोडकी-पुसागोंदी-घुबड़ी, गणेशपुर, मरगसूर जैसे गांवों को जोड़ने वाली सड़कें पूरी तरह से टूट चुकी हैं। नागपुर-अमरावती राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ने वाला जामगढ़ मार्ग भी इस बदहाली का शिकार है, जहां गड्ढों में सड़क है या सड़क में गड्ढे — यह समझना मुश्किल हो गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्राम पंचायतों द्वारा बार-बार संबंधित विभागों से मांग की जा रही है कि इन सड़कों की मरम्मत की जाए।

मासोद सरपंच रंजू प्रकाश बारंगे, चिखली सरपंच राजकुमार चोपड़े, पूर्व सरपंच हरिदास चोपड़े, पुसागोंदी के रामचंद्र चव्हाण, मसाडा पंचायत के विजय डेहनकर समेत अन्य जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, किसानों और नागरिकों ने मांग की है कि जल्द से जल्द विकास निधि उपलब्ध करवा कर मरम्मत कार्य शुरू किया जाए।

स्थानीय विधायक से की गई थी फ्लड डैमेज योजना के तहत मांग

इन मार्गों को फ्लड डैमेज योजना के तहत शामिल करने के लिए भी विधायक चरणसिंह ठाकुर से मांग की गई थी ताकि विशेष निधि के तहत मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू हो सके। हालांकि, अभी तक इन मार्गों पर किसी प्रकार का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षा और बच्चों की शिक्षा में आने वाली बाधा को देखते हुए प्रशासन से मांग की जा रही है कि सड़कों की शीघ्र मरम्मत कर क्षेत्रवासियों को राहत दी जाए, अन्यथा स्थिति और गंभीर हो सकती है।

प्रश्न बना: क्या स्कूली बसें बंद हो जाएंगी?

जैसे-जैसे बारिश का मौसम नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे चिंता बढ़ रही है कि इन सड़कों पर बसों का चलना मुश्किल हो सकता है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो स्कूली बच्चों की शिक्षा भी इससे प्रभावित हो सकती है।

आई-ग्लैम प्रतियोगिता में एमआर. फैशनिस्टा' का खिताब जीतते हुए सुरज राधेश्याम दुबे – आत्मविश्वास, स्टाइल और फैशन का अनोखा संगम!

ज़रूरतमंद छात्रों को शिवसेना (शिंदे गुट) द्वारा नोटबुक वितरण

कन्हान.

शिवसेना (शिंदे गुट) की ओर से क्षेत्र के ज़रूरतमंद छात्रों के लिए नोटबुक वितरण सप्ताह चलाया जा रहा है. राज्य मंत्री एड. आशीष जायसवाल के शिवसेना जनसंपर्क कार्यालय, गणेश नगर, कन्हान की तरफ से नागपुर ग्रामीण शिवसेना उप-जिला प्रमुख वर्धराज पिल्ले की उपस्थिति में रामेश्वर बावनकर के हाथों ज़रूरतमंद छात्रों को नोटबुक वितरित किए गए. वर्धराज पिल्ले ने बताया कि शिक्षा सभी को मिले, इसके लिए सरकार द्वारा मुफ्त किताबें वितरित की जाती हैं, लेकिन नोटबुक के लिए माता-पिता को आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है. यह बोझ न पड़े, इसलिए यह पहल की जा रही है. इस वितरण कार्यक्रम में इंदिरा नगर, शिव नगर, आनंद नगर, सुपर टाउन, गणेश नगर, हनुमान नगर, जवाहर नगर, हरिहर नगर (कांद्री) के गरीब और ज़रूरतमंद लड़के-लड़कियों को नोटबुक वितरित किए गए.

इस अवसर पर डॉ. मैत्रा, रामटेक विधानसभा की महिला उप-जिला प्रमुख शुभांगी घोगले, शिवसेना शहर प्रमुख गजानन गोरले, निक्कु पिल्ले, शिवसेना महिला आघाडी अध्यक्षा मनीषा चिखले, दिशा पाटील, कुंदा मोटघरे, ममता दास, वैशाली श्रीखंडे, प्रतिमा पौनीकर, स्नेहल राणे, हर्षाली भनारकर, रंजिता सूर्यवंशी, माला शेंडे, प्रकाश तिवारी, प्रशांत स्वामी, अतुल यादव, चेतन जयपुरकर, विजय खेरगडे और अन्य शिवसेना कार्यकर्ता उपस्थित थे.

बिडगांव अंडरपास काम रोकने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

कामठी.

महाराष्ट्र रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के जनरल मैनेजर को बिडगांव नगर पंचायत क्षेत्र में नागपुर से नागभीड़ नैरोगेज लाइन को ब्रॉडगेज में बदलने के परियोजना के तहत चल रहे बिडगांव अंडरपास के काम को तुरंत रोकने की मांग को लेकर जहां समस्या, वहां निवारण, जनता की सदैव तत्पर की तर्ज पर नागपुर ज़िला परिषद की पूर्व महिला व बालकल्याण समिति पूर्व सभापति प्रा. अवंतिका रमेश लेकुरवाले एवं कामठी पंचायत समिति पूर्व उपसभापति आशीष मल्लेवार के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपा गया। इस अंडरपास के काम से स्थानीय नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है। साथ ही, इस काम को स्थानीय जनता से बिना किसी चर्चा या पूर्व सूचना के शुरू करने से नागरिकों में बेचैनी और नाराजगी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए, एमआरआईडीसी के जनरल मैनेजर से मिले और संबंधित समस्याओं की विस्तृत जानकारी दी और इस काम को तुरंत रोकने की मांग की गई। इस ज्ञापन के माध्यम से स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि उपरोक्त काम को तुरंत रोककर अंडरपास की ओपनिंग स्वीकृत नक्शे के अनुसार एमडीआर 135 पर ही दी जाए, अन्यथा तीव्र आंदोलन करने के लिए बाध्य रहेंगे।

डेंगू के लक्षण, लेकिन रिपोर्ट आ रही निगेटिव, मरीजों की संख्या बढ़ी

नागपुर.

7 जून को मानसून का आगमन होता है। लेकिन इस बार उपराजधानी में मानसून का आगमन तय समय में नहीं हो पाया। पिछले पांच सालों से यही स्थिति बन रही है। पर्यावरण व प्रकृति को नुकसान होने से प्रदूषण का प्रमाण बढ़ चुका है। परिणामस्वरुप मौसम विषम होकर ऋतुचक्र अपनी अवधि में नहीं घुम रहे हैं। इसका असर जीवों के स्वास्थ्य पर होने लगा है। सरकारी अस्पतालों में इन दिनों वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ी है। मेयो व मेडिकल की ओपीडी में आनेवाले कुल मरीजों में 20 फीसदी मरीज वायरल फीवर के आ रहे है। इनमें से 2 फीसदी डेंगू संदिग्ध होने से उनकी जांच करनेपर रिपोर्ट निगेटिव आ रही है।

मौसम के विपरीत माहौल में गर्मी के दिनों में बारिश और बारिश के दिनों में गर्मी का एहसास हो रहा है। मौसम के बदलाव के चलते बीमारियों का प्रमाण बढ़ गया है। संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। हर दूसरे घर में सर्दी, बुखार, खांसी, बदनदर्द के मरीज पाए जा रहे हैं। वहीं डेंगू जैसे बुखार के डर ने मरीजों को परेशान कर रखा है। यह मरीज सर्दी, खांसी, अचानक बुखार आना, पीठ दर्द आदि से परेशान है। इसे मल्टिपल वायरल कहा जा रहा है। जो मरीज संदिग्ध पाए जाते है, उनकी डेंगू की रक्त जांच करनेपर रिपोर्ट निगेटिव आ रही है। सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में पहुंचनेवाले मरीजों में सर्दी, खांसी, बुखार, बदनदर्द जैसी शिकायतें अधिक प्रमाण में देखी जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि मेडिकल की ओपीडी में हर रोज औसत 2200 से अधिक मरीज जांच व उपचार के लिए आते हैं। उनमें सभी तरह के मरीज होते हैं। इनमें वायरल फीवर के मरीजों की संख्या 15 फीसदी यानि 330 होती है। इन दिनों यह संख्या बढ़ चुकी है। अब सामान्य बुखार के मरीज 20 फीसदी यानि 440 और कभी कभी इससे अधिक हो जाती है। वहीं मेयो अस्पताल की हर रोज की ओपीडी औसत 1600 है। यहां भी मेडिकल जैसी ही स्थिति है। सामान्य बुखार के मरीजों में अधिकतर में डेंगू जैसे लक्षण दिखायी दे रहे हैं। ऐसे मरीजों में जो संदिग्ध होते हैं, उन्हें रक्त जांच की सलाह दी जाती है। रक्तजांच के बाद डेंगू निगेटिव होने का पता चल रहा है। इसे मल्टिपल वायरल कहा जा रहा है। इसमें मरीजों में सामान्य बुखार के साथ ही डेंगू के लक्षण भी होते है। खास कर पीठ दर्द अधिक होता है। पांच से सात दिन तक लगातार बुखार होने पर मरीज व परिजन दहशत में आ जाते हैं। पहले वे सरकारी अस्पताल जाते हैं। वहां तुरंत आराम नहीं होने पर निजी अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। निजी अस्पताल वाले मरीजों को भर्ती करने के बाद ही अलग-अलग जांच करवाने में लग जाते है। मरीजों को 5-7 दिन अस्पतालों में ही रखा जा रहा है। सरकारी अस्पतालों के साथ ही निजी अस्पतालों व छोटे क्लिनिकों में भी वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ चुकी है। मेयो व मेडिकल, निजी अस्पतालों व विविध लैब के साथ ही मनपा अस्पतालों में भी नियमित रुप से संदिग्ध मरीजों की नियमित रक्तजांच की जा रही है। फिलहाल शहर डेंगू जैसी बीमारी के खतरे से बाहर है।

वरिष्ठ समाजसेवी मोहन अग्रवाल को शास्त्री जीवन गौरव पुरस्कार से नवाज़ा जाएगा

देवली.

देवली शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्यमी मोहनबाबू अग्रवाल को उनकी पाँच दशक लंबी समाजसेवा और सामाजिक योगदान के लिए "शास्त्री जीवन गौरव पुरस्कार-2025" से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 19 जून को प्रातः 11 बजे श्यामसुंदर मन्नालाल अग्रवाल धर्मशाला के सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में अखिल भारतीय शास्त्री सामाजिक मंच द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार को लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सतीश अम्भोरे के हाथों दिया जाएगा। समारोह में अनेक विशिष्ट अतिथि व सामाजिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहेंगे, जिनमें एनसीसी अधिकारी कैप्टन मोहन गुजरकर, लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष विजय सत्यम, निसर्ग सेवा समिति के अध्यक्ष मुरलीधर बेलखोड़े, चेन्नई के वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वर करुण, शास्त्री सोशल फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार दक्ष, इमरान राही, राष्ट्रीय महासचिव अबुबकर खान, सचिव किरण फुलझेले, इंद्रजीत लोनारे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय नखले, युवा नेता संतोष तुरक, गोदावरी शिक्षण संस्था के अध्यक्ष मोहन मोहिते, सिहान उल्हास वाघ, मंगेश भोंगाड़े समेत कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। मोहन अग्रवाल ने समाज सेवा के क्षेत्र में रोग निदान शिविर, खेल प्रतियोगिताएं, कला एवं वाद-विवाद कार्यक्रम, दृष्टिहीन एवं दिव्यांगों को सहयोग, गरीब छात्रों को शिक्षण सामग्री वितरण, कवि सम्मेलन जैसे कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनकी सेवाओं को विभिन्न सामाजिक संगठनों ने कई बार सम्मानित भी किया है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट इब्राहिम बक्श आजाद, विदर्भ प्रदेश महिला अध्यक्ष कविता हिंगणकर, रमेश बडोडेकर, दिनेश शिरभाटे, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद बंब आदि ने समाज के सभी वर्गों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर निकाली जाएगी भव्य योग रैली

17 से 21 जून तक योगप्राणायाम शिविर भी आयोजित

हिंगनघाट.

योग के प्रति जनजागृति और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अभिनव विचार मंच एवं पतंजलि परिवार हिंगणघाट द्वारा भव्य योग रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली रविवार, 19 जून 2025 को प्रातः 7 बजे निखाड़े भवन, नंदोरी रोड से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः निखाड़े भवन पर समाप्त होगी।

रैली का मार्ग इस प्रकार रहेगा – निखाड़े भवन, नंदोरी चौक, डॉ. आंबेडकर स्कूल चौक, बस स्टॉप, डॉ. बाबासाहब आंबेडकर चौक, सुभाष चौक, कारंजा चौक, तुकड़ोजी चौक, झांसी रानी चौक, संत कंवरराम भवन, बस स्टॉप चौक होते हुए वापस नंदोरी चौक और निखाड़े भवन।इस भव्य रैली में नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य बड़ी संख्या में भाग लेंगे। आयोजन का उद्देश्य योग के महत्व को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना और शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। इसी क्रम में 17 जून से 21 जून 2025 तक निखाड़े मंगल, नंदोरी रोड, हिंगनघाट में प्रतिदिन सुबह 5:15 बजे से 7:30 बजे तक योग और प्राणायाम शिविर का भी आयोजन किया गया है। यह शिविर सभी नागरिकों के लिए निःशुल्क एवं खुला रहेगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए नारायण सेवा मित्रपरिवार और हम भारतीय मित्रपरिवार हिंगणघाट ने भी सहयोग किया है और सभी भाइयों एवं बहनों से अपील की है कि वे योग दिवस के इस विशेष सप्ताह में आयोजित होने वाले शिविर और रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने स्वास्थ्य के साथ समाज के इस अभियान को भी बल दें।

बजाज कृषि महाविद्यालय का विश्व रक्तदाता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

> धानोरा में ग्रामीणों को रक्तदान के महत्व की दी गई जानकारी

> दो मिनट का मौन रख कर विमान दुर्घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

वर्धा.

डॉ. पंजाबराव देशमुख कृषि विश्वविद्यालय अकोला से संबद्ध बजाज कृषि महाविद्यालय, पिपरी वर्धा द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर ग्राम धानोरा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा मंडल वर्धा के ग्रामीण लघु कार्यक्रम के अंतर्गत संपन्न हुआ। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर ग्रामीणों को रक्तदान के महत्व, उसके लाभ और ब्लड ग्रुप की जानकारी दी। बच्चों के लिए पुस्तकालय में संवाद सत्र आयोजित कर पोस्टर बनवाए गए और सरल भाषा में उन्हें रक्तदान का अर्थ समझाया गया। मायाताई वाटगोले ने रक्तदान पर अपने प्रेरणादायक विचार रखे। जिला परिषद स्कूल धानोरा के शिक्षक हनुमान सर ने विशेष रूप से कृषि महाविद्यालय की बालिकाओं द्वारा किए जा रहे जागरूकता प्रयासों की सराहना करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम के दौरान गुजरात, अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना की जानकारी भी साझा की गई और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया तथा मोमबत्तियां जलाई गईं। कार्यक्रम में छात्राएं श्रेया जाधव, आस्था ढोकने, श्रेया बहिरशेठ, समृद्धि काचोले, नयन मानकर, स्नेहा मंडपकार सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल आयोजन बजाज कृषि महाविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राजेंद्र खर्चे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चोपड़े, डॉ. घोडे और प्राचार्य डॉ. स्नेहल देशमुख के मार्गदर्शन में किया गया। ग्रामीणों ने इस सराहनीय प्रयास में भरपूर सहयोग दिया।

रोकड़े ज्वैलर्स का 'जेम्सबॉन्ड' अभियान नागपुर में जारी

रत्नों से बदलें अपना भाग्य, स्वास्थ्य, धन और समृद्धि के साथ जोड़ रहा है विशेष बंधन

अभियान की मुख्य विशेषताएं:

- निःशुल्क कुंडली परामर्श
- व्यक्तिगत समस्याओं के अनुसार रत्न चयन
- 7-दिवसीय ट्रायल सुविधा, न मिले संतोष तो 100% रिफंड
- प्रमाणित और असली रत्नों की उपलब्धता
- स्वास्थ्य, मानसिक शांति, करियर, संबंध या धन संबंधी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक सशक्त कदम इस अभियान को नागरिकों से जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोग शोरूम पहुंचकर न सिर्फ ज्योतिषीय परामर्श ले रहे हैं, बल्कि अपने लिए उपयुक्त रत्नों का चयन कर सकारात्मक बदलाव का अनुभव भी कर रहे हैं।

नागपुर.

नागपुर के प्रसिद्ध रोकड़े ज्वैलर्स द्वारा शुरू किया गया विशेष अभियान 'जेम्सबॉन्ड: स्वास्थ्य, धन और समृद्धि के साथ बंधन' इन दिनों शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। यह अभियान 9 जून से 30 जून 2025 तक लक्ष्मीनगर और महल शोरूम में चलाया जा रहा है। इस अनूठे उपक्रम का उद्देश्य है – आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना, उन्हें सही रत्नों के माध्यम से स्वास्थ्य, करियर, रिश्ते और धन संबंधी समस्याओं से मुक्ति दिलाना। इसके लिए शोरूम में निःशुल्क ज्योतिष परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसमें कुंडली के अनुसार ग्राहकों को उपयुक्त रत्नों की जानकारी दी जा रही है। रोकड़े ज्वैलर्स के निदेशक श्री राजेश रोकड़े के अनुसार, "जेम्सबॉन्ड अभियान हमारी पारंपरिक ज्योतिष विद्या, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और वर्षों से अर्जित विश्वास का मेल है। सही रत्न का चयन किसी के जीवन को नई दिशा दे सकता है।"

पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

> चार आरोपी गिरफ्तार

कामठी. जूना कामठी पुलिस ने अंतरजिला बाइक चोरी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने चोरी की बाइकें, उपयोग में लाने वाली कार बरामद की हैं और चोरी की संपत्ति खरीदने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए 2,15,000 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। शातिर चोर मास्टर चाबी का इस्तेमाल कर बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे और फिर फरार हो जाते थे। ऐसे हुआ खुलासा शिकायतकर्ता ने 24 मई को जूना कामठी पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 से 24 मई के बीच, पेरकीपूरा हनुमान नगर से, शिकायतकर्ता सारंग प्रभाकर गायधने (30) ने अपना काले-चांदी के रंग का स्प्लेंडर वाहन, घर के सामने हैंडल लॉक करके खड़ा किया था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने वाहन चुरा लिया। शिकायतकर्ता की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े के मार्गदर्शन में जांच शुरू की गई। गुप्त सूचना के आधार पर, अनुराग ज्ञानसिंग मरसकोल्हे, उम्र 22 वर्ष, निवासी - शुक्ला ग्राम, तहसील अरी, जिला सिवनी, मध्य प्रदेश को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर चौंकाने वाले खुलासे हुए, उसने बताया कि उसने यह अपराध सतीश शामसिंग बोपचे, उम्र 25 वर्ष, निवासी - गोधीवाड़ा ग्राम, तहसील बरघाट, जिला सिवनी, पालेंद्र कुंवरसिंह पारधी, उम्र 24 वर्ष, निवासी - शुक्ला ग्राम, तहसील बरघाट, जिला सिवनी, मध्य प्रदेश, पुलिस थाना अरी, और राकेश यशवंत हरिनखेड़े, उम्र 30 वर्ष, निवासी - टिगरा ग्राम, तहसील बरघाट, जिला सिवनी, मध्य प्रदेश के साथ मिलकर किया था। सतीश बोपचे से चोरी किया गया वाहन और पुलिस स्टेशन लकड़गंज में दर्ज एक अन्य मामले से संबंधित वाहन भी जब्त किया गया है। सतीश बोपचे और राकेश पारधी ने यह भी बताया कि उन्होंने पुलिस स्टेशन कलमना के क्षेत्र से भी एक वाहन चुराया था। वर्तमान में, सभी चारों आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार नागपुर कारागृह में बंद हैं।

उपरोक्त कार्रवाई परिक्षेत्र क्र. 5 के पुलिस उपायुक्त निकेतन बी. कदम सर और कामठी विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त विशाल क्षीरसागर के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमडे के नेतृत्व में सहायक पुलिस निरीक्षक मनीष हिवरकर, महिला पुलिस उपनिरीक्षक मीना झाडे, पुलिस हवलदार गणेश पोराटे, नाइक पुलिस सिपाही श्रीकांत भिण्णुरकर, पुलिस सिपाही अंकुश, पुलिस सिपाहीअमित, पुलिस सिपाही राजकुमार, पुलिस सिपाही विवेक, पुलिस सिपाही शारिक द्वारा घटना को अंजाम दिया गया।

जिले में कपास के बीज के 13 लाख 75 हजार पैकेट उपलब्ध

अमरावती.

खरीफ सीजन में जिले में 6 लाख 86 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई की जाएगी। इसमें से करीब 2 लाख 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में कपास की फसल लगाए जाने की उम्मीद है। इसके लिए 12 लाख 47 हजार पैकेट कपास के बीज की आवश्यकता होगी और तदनुसार मांग दर्ज की गई है। तदनुसार, जिले में कपास के सभी किस्मों के 13 लाख 75 हजार पैकेट उपलब्ध कराए गए हैं।

कपास जिले में खरीफ सीजन की एक महत्वपूर्ण फसल है। खरीफ

सीजन 2025 में कपास की फसल की खेती के अनुसार, जिले में कुल 12 लाख 47 हजार 500 पैकेट कपास के बीज की आवश्यकता है। तदनुसार, वर्तमान में, जिले में सभी कंपनियों से सभी किस्मों के कुल 13 लाख 75 हजार 863 बीज पैकेट उपलब्ध हैं। जिले में कपास के बीज की कोई कमी नहीं है। सभी किस्मों के बीज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं।

बुवाई के लिए वैकल्पिक किस्मों का उपयोग

विभिन्न अनुशंसित किस्मों का चयन उत्पादन में स्थिरता बनाए रखने में मदद करता है। विभिन्न जलवायु और मिट्टी के प्रकारों के अनुसार अनुशंसित किस्मों का चयन उत्पादन को बनाए रख सकता है। एक ही किस्म पर ध्यान केंद्रित करने से विशिष्ट कीटों और बीमारियों को मौका मिलता है। विभिन्न किस्मों को अपनाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। एक ही किस्म के कारण बाजार में अधिक आपूर्ति की संभावना है। किस्मों की विविधता से मूल्य बना रहता है। साथ ही, चूंकि अनुशंसित किस्में उच्च गुणवत्ता वाली और शोध के आधार पर सुरक्षित हैं, इसलिए किसानों को बुवाई के लिए वैकल्पिक किस्मों का उपयोग करना चाहिए।

दरियापुर तहसील के किसान एक खास कंपनी से कपास की एक खास किस्म के बीज की मांग कर रहे हैं। मांग में बीजी2 किस्म है, जिसमें दो प्रोटीन होते हैं जो कपास को कीटों के प्रति प्रतिरोधी बनाते हैं। हालांकि, इसी प्रकार की अन्य कंपनियों की किस्में बाजार में उपलब्ध हैं, जिनमें भी दो प्रोटीन होते हैं जो इसे कीटों के प्रति प्रतिरोधी बनाते हैं।

हर सरकारी कार्यालय में रखा जाएगा 'आगमन और प्रस्थान रजिस्टर': अनूपकुमार भार्गव

> मानवाधिकार नियमों के अंतर्गत होगी निगरानी

> जनसामान्य को न्याय दिलाने की पहल

पुलगांव.

हर सरकारी अधिकारी और कर्मचारी को अब अपने कार्यालय में आगमन एवं दौरे या बाहर जाने की जानकारी रजिस्टर में दर्ज करनी होगी। यह अनिवार्यता मानवाधिकार नियमों के अंतर्गत लागू की जा रही है, ताकि सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाई जा सके और आम जनता को समय पर न्याय मिल सके।

यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स ऑफ कंट्रोल के नव नियुक्त महाराष्ट्र राज्य उपाध्यक्ष अनूपकुमार भार्गव ने दी। उन्होंने बताया कि यह रजिस्टर संबंधित कार्यालय में रखा जाएगा और उसकी जांच मानवाधिकार परिषद के सदस्यों द्वारा की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनसामान्य की शिकायतों पर अधिकारी उपस्थित होकर जवाबदेह बने। अनूपकुमार

भार्गव की इस नियुक्ति की घोषणा कपिल जनपदकर द्वारा उमरेड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स ऑफ काउंसिल एंड क्राइम कंट्रोल की सभा में की गई। वे दैनिक व साप्ताहिक 'पुलगांव टाइम्स' के संपादक भी हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईलाईसभाई, प्रदेशाध्यक्ष विलास कांबले, रहीम शेख सहित संपूर्ण वर्धा जिला पत्रकार समुदाय में हर्ष की लहर दौड़ गई। भार्गव ने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में वे शासकीय कार्यालयों में दस्तक देकर लोगों को न्याय दिलाने और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय कार्य करेंगे।

शिव शक्ति नागद्वार स्वामी आस्तिक बाबा सेवा ट्रस्ट की बैठक संपन्न
नागद्वार मेला आज से प्रारंभ होगा

वर्धा.

शिव शक्ती नागव्दार स्वामी आस्तिक बाबा सेवा ट्रस्ट, वर्धा की ओर से नागव्दार मेले को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 15 जून को किया गया। बैठक में यह जानकारी दी गई कि श्रावण मास की नागपंचमी के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी स्थित नागव्दार में 18 जुलाई 2025 से वार्षिक नागव्दार मेले का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 18 जुलाई से निशुल्क रहने की व्यवस्था एवं भव्य लंगर का आयोजन किया गया है। यह लंगर 18 जुलाई से आरंभ होकर 29 जुलाई 2025 तक चलेगा। लंगर सामग्री को 15 जुलाई को वर्धा से पचमढ़ी के लिए रवाना किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष कमलाकर खोंडे ने की। इस बैठक में उपाध्यक्ष निलेश भाकरे, सचिव पंकज नरेडी, सहसचिव कु. साक्षी खोंडे, कोषाध्यक्ष पियुष खोंडे (पाटील), कार्यकारी सदस्य जीवन झाडे सहित विठ्ठल नागपुरे, मोहन बारई, राहुल मिश्रा, आकाश दुधकोहले, सचिन टिपले, विनोद नाकतोडे, मारोती शेंडे, नारायण कोडापे, शुभम वारबे, प्रज्वल पिंपले, शोभित नांदणे, और जयराजसिंग खंडीया उपस्थित थे।

बैठक में मेले की व्यवस्था, लंगर संचालन, सामग्री की व्यवस्था, और सेवा कार्यों की रूपरेखा तय की गई। ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक मेले की तैयारी में जुटने का संकल्प लिया।

रोटरी स्पोर्ट्स वीक में मुरली लाहोटी और गोपी चंदानी ने लहराया परचम

बैडमिंटन, कैरम और शतरंज में दिखा रोटेरियन्स का दमखम, आयोजन बना यादगार

हिंगनघाट.

रोटरी क्लब हिंगनघाट द्वारा आयोजित इंडोर रोटरी स्पोर्ट्स वीक बड़े उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस विशेष आयोजन में क्लब के सदस्यों ने बैडमिंटन, शतरंज और कैरम जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और खेल के प्रति अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्टता का परिचय दिया।

बैडमिंटन स्पर्धा में रोटेरियन मुरली लाहोटी ने दमदार खेल दिखाते हुए रोटेरियन वैभव पटेलिया को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा और यह मुकाबला क्लब के इतिहास में एक यादगार क्षण बन गया। कैरम प्रतियोगिता में मुरली लाहोटी और केदार जोगलेकर की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल और रणनीति के साथ प्रथम स्थान हासिल

किया। वहीं रविन्द्र आस्कर और मंजुषा मुळे की जोड़ी ने भी कड़ी टक्कर देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शतरंज स्पर्धा में बुद्धिमत्ता और रणनीति का परिचय देते हुए गोपी चंदानी विजेता घोषित हुए, जबकि प्रवीण फटिंग उपविजेता रहे। सभी प्रतिभागियों ने खेल की भावना को सर्वोपरि रखते हुए अनुशासित एवं सराहनीय प्रदर्शन किया। स्पर्धाओं का संचालन पूर्व अध्यक्ष रो. जितेन्द्र केदार ने अत्यंत कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर क्लब के चार्टर अध्यक्ष डॉ. अशोक मुखी ने सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा, "स्पर्धाएं केवल जीत-हार का विषय नहीं होतीं, यह सहभागिता और सामूहिक ऊर्जा का उत्सव होती हैं। ऐसी गतिविधियाँ क्लब में संवाद, सहयोग और स्वास्थ्यप्रद प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती हैं।" उन्होंने भविष्य में भी इस परंपरा को जारी रखने की बात कही।

क्लब अध्यक्ष सीए जितेन्द्र वर्मा ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी रोटेरियनों का आभार व्यक्त किया। वहीं सचिव उदय शेंडे ने प्रतिभागियों की खेल भावना की सराहना करते हुए भविष्य में आउटडोर स्पोर्ट्स आयोजन की योजना साझा की। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स – रो. निशांत बोरकुटे, रो. ऋषभ वरघने, रो. सचिन बारडे और रो. अनुप राजपुरिया की अहम भूमिका रही। साथ ही प्रा. अशोक बोगीरवार, उदय भोकरे, अभिजीत बिडकर, किशोर चंदानी और स्वप्नील निमजे ने भी सराहनीय योगदान दिया।

रोटरी स्पोर्ट्स वीक ने क्लब के सदस्यों में नए जोश, एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का संचार किया, जिसे सभी ने सराहा।

'दिव्यांग मार्केट' का सांसद अमर काले ने किया उद्घाटन

हिंगनघाट.

शहर के गोल बाजार क्षेत्र में दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष व्यापारिक परिसर 'दिव्यांग मार्केट' का भव्य उद्घाटन सांसद अमर काले के हाथों संपन्न हुआ। यह स्थान हिंगणघाट नगरपालिका द्वारा दिव्यांगजनों को आरक्षित रूप से प्रदान किया गया है।

इस परिसर का निर्माण स्वयं दिव्यांगजनों ने किया है, जिसे 'दिव्यांग मार्केट' नाम दिया गया है। उद्घाटन समारोह के दौरान सांसद अमर काले ने फीता काटकर और मार्केट बोर्ड का अनावरण कर परिसर का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर राष्ट्रवादी शरदचंद्र पवार पार्टी के महासचिव अतुल वांदिले भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रवादी दिव्यांग प्रकोष्ठ के महासचिव मारुति महाकालकर ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर दिव्यांगजनों के लिए यह भूमि प्राप्त करने हेतु नगरपालिका से लंबा संघर्ष किया था, जिसका परिणाम आज इस सफल आयोजन के रूप में सामने आया।

कार्यक्रम में शहर के दिव्यांगजन, राष्ट्रवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। सांसद अमर काले ने अपने संबोधन में सभी दिव्यांगजनों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और ऐसे प्रयासों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

यह आयोजन न केवल दिव्यांगजनों के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि सामाजिक समावेशन की दिशा में भी एक सराहनीय पहल है।

महिलाएं बौद्धिक भागीदारी पर दें अधिक ध्यान: प्रतीक्षा दापुरकर

वर्धा.



महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के महिला विभाग द्वारा वटसावित्री के अवसर पर पूरे राज्य में "समता अभियान" का आयोजन किया गया। इसी उपलक्ष्य में वर्धा समिति की ओर से "व्रतवैकल्य: लिंगभाव" विषय पर एक ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें माणिकधारा संस्था, आष्टी की अध्यक्ष प्रतीक्षा दापुरकर ने मुख्य मार्गदर्शक के रूप में भाग लिया। प्रतीक्षा दापुरकर ने अपने मार्गदर्शन में बताया कि भारतीय संस्कृति में त्यौहार, व्रत और पूजा परंपराएं मूलतः प्रकृति और कृषि से जुड़ी रही हैं। ये परंपराएं हमें पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने का संदेश देती हैं। परंतु समय के साथ इन परंपराओं का स्वरूप बदल गया है। अब यह सिर्फ दिखावा, सोशल मीडिया रील्स और धार्मिक दिखावटी आयोजनों तक सीमित रह गया है।

उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं व्रतों में अत्यधिक समय लगाती हैं, लेकिन अपने स्वास्थ्य पर बिल्कुल ध्यान नहीं देतीं। इससे उनमें हीमोग्लोबिन की कमी, कमजोरी और मानसिक तनाव जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं को अब बौद्धिक भागीदारी और सामाजिक चेतना के साथ अपने जीवन के निर्णय लेने चाहिए, न कि सिर्फ परंपरा और सामाजिक दबाव के कारण। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विभाग वर्धा की जिला अधिकारी द्वारकाजी ने की, जबकि संचालन पूजा सावरकर ने किया। अध्यक्ष का परिचय एडवोकेट कविता राठोड ने दिया। इस ऑनलाइन व्याख्यान में पुणे, अमरावती, अकोला, यवतमाल, नागपुर और वर्धा से बड़ी संख्या में लोग जुड़े थे। विशेष बात यह रही कि इस कार्यक्रम में महिलाओं के साथ पुरुषों की भी सक्रिय उपस्थिति रही।

इस अवसर पर महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के प्रधान सचिव गजेंद्र सुरकार, राज्य महिला विभाग की कार्यवाहक संचालिका गायत्री आड़े, व्यसनमुक्ति विभाग की राज्य कार्यवाहक संचालिका सारिका डेहनकर, प्रशिक्षण विभाग की सहायक संचालिका डॉ. माधुरी झाडे, वर्धा शहर जिला अध्यक्ष अरुण भोसले, प्रधान सचिव कल्पना सातव सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन दिलीप गुल्हाने द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

पहली बार आयोजित हुआ रोलर स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर एवं चैंपियनशिप

हिंगनघाट.

क्रीड़ा भारती हिंगनघाट तहसील द्वारा शहर में पहली बार रोलर स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर एवं रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से शहर के बच्चों को खेल की नई दिशा मिली और रोलर स्केटिंग जैसे आधुनिक खेल से परिचय हुआ।

गत दो महीनों से आयोजित इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में शहर के अनेक बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभाग लिया। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को रोलर स्केटिंग की तकनीक, संतुलन, गति नियंत्रण जैसी बारीकियां सिखाई गईं। बच्चों ने नियमित अभ्यास कर अपने कौशल को निखारा।

प्रशिक्षण के समापन उपरांत, प्रशिक्षित खिलाड़ियों के लिए रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विजेता खिलाड़ियों को पदक व सम्मान प्रदान किए गए।

पुरस्कार वितरण समारोह में गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ियों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस संपूर्ण उपक्रम के सफल आयोजन में क्रीड़ा भारती हिंगनघाट तहसील के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं स्वयंसेवकों का अहम योगदान रहा। उनके अथक प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे शहर में खेल संस्कृति को नया आयाम मिला है।

वीरा वॉरियर्स ग्रुप के खिलाड़ियों ने किया कमाल

आमगांव.

> 8 खिलाड़ियों का अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयन

> फिट इंडिया ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

आमगांव स्थित मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 14 और 15 जून को आयोजित केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित फिट इंडिया ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में वीरा वॉरियर्स ग्रुप के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रतियोगिता में ग्रुप के 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से 8 खिलाड़ियों – कशिश सहारे, तन्वी येल्लापुरे, यश चौधरी, खुशी कुमरे, सक्षम मोरे, साहिल तेलहांडे, ओम बोटरे, लकी पांडे – ने स्वर्ण पदक जीतकर देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। अब ये खिलाड़ी 8वीं हीरोज इंटरनेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो कि 8 से 10 अगस्त 2025 के बीच पटाया, थाईलैंड में आयोजित की जाएगी। अन्य खिलाड़ियों में विशाल मडावी, सुजल बावने, कोमल शिंदे, यश इंगले, जानवी देवतले, सुहानी नरवड़े, निधि निकुरे ने रजत पदक, जबकि मंथन महाकालकर, गौरव राजुरकर, वेदिका सातपुते, निर्भय साखरकर ने कांस्य पदक हासिल किया। इस उपलब्धि पर ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ वर्धा के सचिव शाम खेमस्कर ने विजेताओं को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। वीरा वॉरियर्स ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष रोहित राउत ने भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दीं।

खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, साथ ही सह-कोच गौरव खिरले और हर्ष मून को दिया। प्रतियोगिता में अंपायर की भूमिका रोहित खिरकर ने निभाई। इस उपलब्धि पर कशिश खैरे, संकेत नागराले, मयूर नागराले, रुचिका वानखेड़े, छकुली पिसे, अदिति गायकवाड़, आस्था खैरे, तनश्री धनफोले, लक्ष्मी धनफोले समेत अन्य सभी पदाधिकारियों ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

वीरा वॉरियर्स ग्रुप का यह शानदार प्रदर्शन जिले के लिए गर्व की बात है और यह साबित करता है कि समर्पण और मेहनत से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता संभव है।

फर्जी प्रमाणपत्र की करें जांच, जिला परिषद सीईओ ने दिये आदेश

अकोला.

जिले में शिक्षकों की ऑनलाइन तबादला प्रक्रिया में फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र और गलत दूरी प्रमाण पत्र का उपयोग श्रेणी-1 और श्रेणी-2 के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए किए जाने से शिक्षा प्रशासन में हड़कंप मच गया है। इस संबंध में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनीता मेश्राम ने एक पत्र जारी कर गहन जांच के आदेश दिए हैं और तालुका स्तरीय दस्तावेज सत्यापन समितियों को दो दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शिक्षकों के ऑनलाइन तबादलों का निर्णय 18 जून 2024 को लिया गया

था। उसके बाद प्रमाण पत्र सत्यापन को और अधिक मजबूती देते हुए 16 जून 2025 को एक नया परिपत्र जारी किया गया है। जिले में कुल 808 शिक्षकों ने श्रेणी-1 और 140 शिक्षकों ने श्रेणी-2 का लाभ उठाया है। उनमें से 16 कर्मचारियों को अयोग्य घोषित किया गया है। यह मामला प्रशासनिक व्यवस्था की छवि को धूमिल कर रहा है, तथा शिकायत सही पाए जाने पर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिता मेश्राम ने संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है। इसके कारण इस फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र की जांच ने शिक्षा क्षेत्र का ध्यान खींचा है। प्रशासन का अगला कदम दो दिनों में दस्तावेज सत्यापन पूरा करना, विकलांगता प्रमाण पत्र के लिए मेडिकल जांच, 18 जून तक रिपोर्ट अनिवार्य होना तय किया गया है।

गहन जांच करनी होगी

मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिता मेश्राम के आदेशानुसार, समूह विकास अधिकारी, तहसील स्वास्थ्य अधिकारी और समूह शिक्षा अधिकारी वाली तहसील दस्तावेज सत्यापन समितियों को श्रेणी 1 और 2 के तहत प्रस्तुत सभी प्रमाण पत्रों की एक बार फिर से गहन जांच करनी होगी।

एफ2 बीजों की बिक्री बढ़ने की आशंका, विजय जावंधिया ने उठाई सरल बीज उपलब्ध कराने की मांग

सरकार की एचटीबीटी संकर बीजों को मंजूरी के बाद नई चुनौती सामने

वर्धा.

सरकार द्वारा एचटीबीटी संकर कपास बीजों को मंजूरी देने के बावजूद, बाज़ार में अनधिकृत एफ2 बीजों की बिक्री में तेजी आने की आशंका जताई जा रही है। हर वर्ष की तरह इस बार भी कपास बुवाई के मौसम में बीजों पर छापों की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन इस बार बड़ी बीज कंपनियां भी इस कार्रवाई की चपेट में आ रही हैं।

जानकारों के अनुसार, महाराष्ट्र में इस वर्ष करीब डेढ़ से दो करोड़ बीज पैकेट बाजार में उपलब्ध हैं, जिनमें से अनुमानतः एक करोड़ पैकेट अवैध एफ2 बीजों के हैं। ये बीज व्यावसायिक कपास से निकाले गए सरकी का उपयोग करके तैयार किए गए हैं, और इनमें संकर एफ1 बीजों की तुलना में गुणवत्ता और उत्पादन में कोई बड़ी गिरावट नहीं आती। गुजरात की एक प्रतिष्ठित बीज कंपनी के अधिकारी ने बताया कि एफ1 बीजों को बीज के रूप में उपयोग करने पर शाकनाशी प्रतिरोधी (आरआर सीपी4ईपीएसपीएस) जीन के साथ उत्पादन भी ठीक रहता है और लागत भी कम आती है। चूंकि मजदूरों की भारी कमी के चलते संकर बीजों का उत्पादन अब जटिल और महंगा हो गया है, इसलिए एफ2 बीजों की बिक्री में तेजी आना स्वाभाविक है।

किसान नेता विजय जावंधिया ने इस विषय पर गंभीर चिंता जताते हुए सरकार से मांग की है कि यदि 2000 रुपये तक पहुंचती बीज कीमतों पर नियंत्रण चाहिए तो भारत में भी अमेरिका की तरह 'सीधी किस्म' के बीज उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि इस विषय पर केंद्र सरकार को किसानों, वैज्ञानिकों और बीज कंपनियों के साथ एक खुली चर्चा आयोजित करनी चाहिए, ताकि किसानों को सरल और सुलभ बीज उपलब्ध हो सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तकनीकी बीजों का नियंत्रण अब केवल सरकारी अनुमति से नहीं, बल्कि किसानों की जरूरत, उपलब्ध संसाधनों और लागत पर आधारित होना चाहिए, ताकि कपास उत्पादन की स्थिरता और किसानों की आय सुनिश्चित हो सके।

निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

जैनाबाई कापसे

हिंगनघाट. संत ज्ञानेश्वर वार्ड निवासी जैनाबाई हरिभाऊ कापसे (87) का सोमवार शाम निधन हो गया। उनके परिवार में तीन पुत्र, दो पुत्रियां तथा पौत्र-पौत्रियां हैं। मंगलवार दोपहर 2 बजे उनके निवास स्थान से अंतिम यात्रा निकली, और वणा नदी स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

विशेष विद्युत सुरक्षा अभियान में 2 लाख सुरक्षा दूतों की भागीदारी

महावितरण का 20वां स्थापना दिवस

नागपुर.

महाराष्ट्र में बिजली वितरण का कार्य संभालने वाली प्रमुख कंपनी महावितरण ने अपने 20वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 'प्रकाशमान महाराष्ट्र, सुरक्षित महाराष्ट्र' नामक विशेष विद्युत सुरक्षा अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के अंतर्गत आयोजित सुरक्षा सप्ताह में करीब 1 लाख 97 हजार नागरिक, स्कूली विद्यार्थी, अभियंता, अधिकारी व कर्मचारी बतौर 'सुरक्षा दूत' शामिल हुए। महावितरण के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक लोकेश चंद्र के मार्गदर्शन में इस लोकाभिमुख अभियान की नींव रखी गई।

समापन समारोह में उन्होंने स्वतंत्र संचालक विश्वास पाठक, वित्त संचालक अनुदीप दिघे, संचालन संचालक सचिन तालेवार और मानव संसाधन संचालक राजेंद्र पवार के साथ मिलकर विद्युत सुरक्षा की शपथ ली। महत्वपूर्ण संदेश, यह अभियान केवल एक सप्ताह तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि महावितरण ने स्पष्ट किया है कि विद्युत सुरक्षा का यह जनजागरण आगे भी निरंतर जारी रहेगा। महावितरण के विद्युत सुरक्षा अभियान में अध्यक्ष लोकेश चंद्र, विश्वास पाठक, अनुदीप दिघे, सचिन तालेवार, राजेंद्र पवार और राज्यभर के अभियंता, अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया और विद्युत सुरक्षा की शपथ ली।

मुख्य गतिविधियां: राज्य के 16 मंडलों में मैराथन रैली, जिसमें 11,323 अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुये। ऑनलाइन प्रश्नमंच के माध्यम से 95,292 लोगों ने विद्युत सुरक्षा पर सवालों के उत्तर दिये। इनमें से 10,827 स्कूली विद्यार्थी और 84,466 नागरिक व कर्मचारी शामिल थे। 146 विभागीय कार्यालयों में निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताएं, जिसमें 7,857 बच्चों ने भाग लिया। बाइक रैली, प्रभात फेरी, तथा बाजारों, स्टेशनों और सोसायटीज़ में 59,000 से अधिक महावितरण कर्मियों ने नागरिकों से सीधा संवाद कर विद्युत सुरक्षा का संदेश पहुचायां। पथनाट्य और सूचना पत्रकों के माध्यम से भी जनजागृति की गई। डिजिटल माध्यमों से जागरूकता 1.92 करोड़ उपभोक्ताओं को एसएमएस द्वारा विद्युत सुरक्षा के संदेश भेजे गए। 35.73 लाख उपभोक्ताओं को ईमेल के माध्यम से 'क्या करें और क्या न करें' की जानकारी दी गई। 6 जून (स्थापना दिवस) को, सुबह 10 से 10:15 बजे तक, 34,000 से अधिक कर्मियों ने एक साथ विद्युत सुरक्षा की शपथ लेकर अभियान का समापन किया।

270 मरीजों को दी गई दवाइयां

रॉय हॉस्पिटल का निःशुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न

कामठी. महात्मा ज्योतिबा फुले जन स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मेन रोड स्थित रॉय हॉस्पिटल की ओर से डॉ. रतन रॉय सानिध्य में सोमवार को एम. एम. रब्बानी हाय स्कूल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी डॉ. रतन रॉय ने बताया कि शिविर में स्त्री रोग, बाल रोग, हड्डी रोग, त्वचा रोग, पेट संबंधित रोग, मिर्गी रोग, मौसमी बीमारियों, पायल्स तथा आंख, कान, गला, मुख संबंधित विभिन्न बीमारियों का पंचकर्म विधि से इलाज किया गया। इसके अलावा महात्मा ज्योतिबा फुले जन स्वास्थ्य योजना अंतर्गत कुछ मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। शिविर में डॉ. रतन राय, डॉ. निशी रॉय, डॉ. रोहन रॉय, डॉ. नारायणी रॉय, डॉ. नौशीन अंसारी, डॉ. अर्पित रॉय, डॉ. नुरीन ऐमन, तौसिफ फातेमा, डॉ. वैष्णवी दोहरे द्वारा द्वारा मरीजों को परामर्श देकर निःशुल्क दवा वितरण की गई। शिविर में ईसीजी, रक्त जांच, थाइराइड की जांच भी की गई। शिविर में करीब 270 मरीज लाभांवित हुए।

रंगारी ने की कल कांग्रेस मोर्चा को सफल बनाने की अपील

कामठी. मौदा-कामठी विधानसभा द्वारा किसानों, मजदूरों और बेरोजगार युवाओं की समस्याओं के समाधान हेतु भव्य मोर्चे का आयोजन किया जा रहा है। कामठी पंचायत समिति पूर्व सदस्य सुमेध रंगारी एवं येरखेड़ा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच सरिता मधुकर रंगारी ने बताया कि सभी किसानों, मजदूरों और बेरोजगार युवाओं की समस्याओं का तत्काल समाधान करने के लिए, मौदा-कामठी विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस द्वारा कल दोपहर 12 बजे मौदा उपविभागीय अधिकारी कार्यालय पर एक भव्य मोर्चे का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि यह मोर्चा मौदा और कामठी तालुका के सभी किसानों, मजदूरों और बेरोजगार युवाओं की निम्नलिखित मांगों के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस मोर्चे का नेतृत्व लोकनेता सुनील केदार पूर्व मंत्री, महाराष्ट्र राज्य करेंगे और इसमें श्यामकुमार बर्वे सांसद, रामटेक लोकसभा, राजेंद्र मुलक पूर्व मंत्री और सुरेश भोयर ज़िला परिषद पूर्व अध्यक्ष सहित जिले के प्रमुख कांग्रेस नेता प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी किसानों, मजदूरों, बेरोजगार युवाओं और सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहकर मोर्चा को सफल बनाए।

धर्मपाल मेश्राम ने वार्ड 26 में विभिन्न समस्याओं की समीक्षा की

नागपुर. भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगरसेवक अधिवक्ता धर्मपाल मेश्राम ने नागपुर महानगरपालिका के नेहरूनगर जोन के अंतर्गत वार्ड 26 में विभिन्न समस्याओं की समीक्षा की. नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के अनुसार अधिवक्ता मेश्राम ने महानगरपालिका के अधिकारियों से चर्चा की और लोगों की समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया. वार्ड 26 में घरेलू बिजली की शिकायत और स्ट्रीट लाइट कई दिनों से बंद रहने की शिकायत अधिवक्ता मेश्राम को मिली थी. उन्होंने इसकी समीक्षा की. उन्होंने वार्ड क्रमांक 26 में घरेलू बिजली की शिकायतों के संबंध में महावितरण अधिकारी और पार्टी पदाधिकारियों तथा नागरिकों के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक ली. इसके अलावा उन्होंने बिजली विभाग को खराब स्ट्रीट लाइटों की तत्काल मरम्मत करने और आवश्यक स्थानों पर नई लाइटें लगाकर सेवा बहाल करने के निर्देश दिए. बैठक में नगर निगम के कार्यपालन अभियंता राजेंद्र राठौड़, प्रकाश रुद्रकर, कार्यपालन अभियंता टेकाड़े, बारापात्रे, अभियंता महाडिक, सहायक अभियंता अशोक भोतमांगे, भाजपा वार्ड अध्यक्ष सुरेश बरई, अशोक देशमुख, सुनील आगरे, रवि धांडे, रामचरण बेनिया, कल्पना सर्वे, सिंधु परतेन उपस्थित थे।

शिक्षकों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

सौंसर.

म.प्र. अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा, जिला पांढुर्णा द्वारा शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सौंसर को सौंपा गया, जिसमें शिक्षकों ने शिक्षा विभाग की नीतियों पर आपत्ति जताई। ज्ञापन में ऑनलाइन उपस्थिति को सार्थक एप के माध्यम से लागू करने के प्रस्ताव का विरोध करते हुए इसे शिक्षकों के सम्मान के विरुद्ध बताया गया।

शहर को तेज धूप और उमस से जल्द ही मिलेगी राहत

नागपुर. चिलचिलाती धूप और उमस से परेशान नागपुर वासियों को जल्द ही राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों तक नागपुर में तेज बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने दो दिनो तक तेज आंधी और छींटों के साथ बारिश का अनुमान लगाया है। हालांकि, इसी के साथ भी कहा कि, इसके बाद जिले में तेज धूप पड़ेगी। और तापमान 40 डिग्री के पार जाएगा। मौसम विभाग की माने तो नागपुर में 17 से 21 जून के बीच तेज हवाओं, गरज-चमक के साथ भारी बारिश हो सकती है. आगामी 24 घंटे में विदर्भ, छत्तीसगढ़ व ओडिशा के कुछ हिस्सों में मानसूनी बादलों के फिर से सक्रिय होने का अंदाजा भी जताया गया है. हालांकि कई बार देखने में आया है कि मौसम की भविष्यवाणियां फेल हुई हैं. वर्तमान में पूर्व मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल तक द्रोणिका तैयार हुई है. साथ ही दक्षिण मध्य महाराष्ट्र में अपर एयर साइक्लोनिक सर्कुलेशन तैयार हुआ है. जिसकी वजह से महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में अच्छी बारिश हो रही है. बंगाल की खाड़ी में तैयार हुए साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर भी मध्य भारत के मौसम पर देखा जा सकता है. नागपुर में जून महीने में गर्मी बहुत परेशान कर रही है.

शहर को मिला मध्य भारत का सबसे बड़ा बिज़नेस डेस्टिनेशन

बिज़नेस पार्क का भव्य शुभारंभ

नागपुर.

नागपुर के व्यापारिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम रखते हुए करण कोठारी बिज़नेस पार्क का भव्य शुभारंभ रविवार को कामठी रोड, ऑटोमोटिव चौक पर हुआ। मध्य भारत का पहला कमर्शियल ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट होने के नाते इस प्रोजेक्ट को लेकर नागपुर में खासा उत्साह देखने को मिला। इस बिज़नेस पार्क को करण कोठारी ग्रुप ने तैयार किया है, जो पिछले 50 वर्षों से अपने भरोसे और गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है। इस बिज़नेस पार्क की सबसे बड़ी खासियत है इसका सेंट्रल लोकेशन, जो एलआईसी चौक से सिर्फ 7 मिनट और ऑटोमोटिव चौक मेट्रो स्टेशन से बिल्कुल सटा हुआ है।

चारों ओर हाईवे, मेट्रो कॉरिडोर और एक्सप्रेसवे से जुड़ा यह प्रोजेक्ट नागपुर के स्मार्ट सिटी विकास में बड़ी भूमिका निभाएगा। खास बात यह है कि उद्योग आधार पंजीकृत एमएसएमई कंपनियों को यहां विशेष सब्सिडी का लाभ मिलेगा, जिससे छोटे और मध्यम व्यापारियों को मजबूती मिलेगी।

पहले फेज में कुल 6 शानदार इमारतें और 124 स्वतंत्र मल्टी-लेवल (जी+3) शॉप्स तैयार की गई हैं। यहां 3000 से ज्यादा कारों और 10000 से अधिक दोपहिया वाहनों की पार्किंग की सुविधा है। फूड कोर्ट, गेम ज़ोन, एग्जिबिशन सेंटर, स्किल डेवेलपमेंट सेंटर और फ्री शटल सर्विस जैसी तमाम सुविधाएं इस प्रोजेक्ट को पूरी तरह से एक वन-स्टॉप बिज़नेस डेस्टिनेशन बनाती हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मंच पर पूर्व राज्यसभा सांसद अजय संचेती और महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितिन राऊत भी उपस्थित रहे।

इसके अलावा नागपुर के प्रमुख व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि और सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिनमें शामिल हैं. सीएआईटी, एनवीसीसी, चेंबर ऑफ कॉमर्स, व्होलसेल क्लॉथ एंड यार्न मर्चेंट एसोसिएशन, नागपुर व्होलसेल होजियरी एंड रेडीमेड गारमेंट मर्चेंट एसोसिएशन, जरीपटका दुकानदार संघ, सिरसाबर्डी मुख्य रोड व्यापारी संघ, नागपुर इतवारी मलयाली मर्चेंट एसोसिएशन।

सभी संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस प्रोजेक्ट की भरपूर सराहना की और इसे नागपुर के व्यापार जगत के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। इस मौके पर प्रसिद्ध बिज़नेस मोटिवेशनल स्पीकर्स डॉ. उज्ज्वल पत्नी और अजय मोर्या ने भी विशेष सेशंस लिए। मौके पर उपस्थित व्यापारियों ने दीपावली तक इस मार्केट के शुरू होने की उम्मीद जताई और खुशी जाहिर की। करण कोठारी बिज़नेस पार्क में रेडी टू पजेशन यूनिट्स उपलब्ध हैं, जिनकी बुकिंग पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर हो रही है।

एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, यूनियन बैंक और पंजाब नेशनल बैंक जैसे प्रमुख बैंकों से 90 प्रतिशत तक फाइनेंसिंग की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही एमएसएमई कंपनियों के लिए 85 प्रतिशत तक सब्सिडी का भी प्रावधान है। यह सिर्फ रियल एस्टेट प्रोजेक्ट नहीं बल्कि मध्य भारत के व्यापार के लिए एक मजबूत प्लेटफॉर्म है, जहां से कई नए व्यापारिक अध्याय शुरू होंगे। यह प्रोजेक्ट करण कोठारी ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड के 12 दशकों से चले आ रहे विश्वास और परंपरा का विस्तार है। नागपुर, राजस्थान, कोलकाता और मुंबई के बाद अब यह ग्रुप रियल एस्टेट में भी अपनी विशेष पहचान बना रहा है। पता करण कोठारी बिज़नेस पार्क, पिली नदी मेट्रो स्टेशन के पास, ऑटोमोटिव चौक, कामठी रोड, नागपुर. 440026. कार्यालय पता करण कोठारी बिज़नेस पार्क प्रा. लि., ऑफिस नं. 1, बारहवीं मंज़िल, रीजेंट चैंबर, जमनालाल बजाज मार्ग, नरिमन पॉइंट, मुंबई - 400021 . संपर्क करें: 83002-83003. ईमेल: बिक्री@ केकेबीपी. इन.वेबसाइट: www. केकेबिजनेसपार्क. कॉम महा-रेरा पंजीकरण क्रमांक: P50500055653 (विवरण देखें: https://maharera.mahaonline.gov.in).

किराना दुकान में सेंधमारी, 1.45 लाख की नकदी चोरी

नागपुर. गणेशपेठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कॉटन मार्केट स्थित महात्मा फुले मार्केट में एक किराना दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। इस घटना में अज्ञात चोर ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसते हुए करीब 1,45,000 की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता सागर लक्ष्मण गोदानी (39) प्लॉट नंबर 243, जरीपटका निवासी का आनंद किराना स्टोअर्स नामक दुकान शॉप नंबर 87, महात्मा फुले मार्केट में है। दिनांक 14 जून की रात लगभग 8:35 बजे से लेकर 15 जून की सुबह 4:12 बजे के बीच, जब वह दुकान बंद करके घर गए थे, उसी दौरान चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोरी की जानकारी उन्हें सुबह दुकान पर आने के बाद हुई.

संकल्प सिद्धि के 11 वर्ष पूर्ण

सौंसर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के संकल्प सिद्धि के 11 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को भाजपा सौंसर मंडल द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा कार्यालय में संपन्न हुआ, जिसमें केंद्र सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड, वरिष्ठ नेता संतोष जैन, रामकृष्ण वाकोड़े, संजय निम्बुलकर, इंदरचंद्र डागा, मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े मंचासीन रहे। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जन आधारित और पारदर्शी शासन का प्रतीक बन चुकी है। आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी जा चुकी है, जिसका सकारात्मक असर देशभर में दिख रहा है। उन्होंने अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक पर प्रतिबंध, नया वक्फ कानून, महिलाओं को विधायी निकायों में 33% आरक्षण और आतंकवाद के खिलाफ आक्रामक रणनीति को सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों में गिना। भाजपा नेता संतोष जैन ने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हर वर्ग के सशक्तिकरण के लिए योजनाएं चलाई गईं.

शुभांक		
श्रीदेवी	248-4	277-6
श्रीदेवी नाईट	399-1	270-9

'जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो दुनिया भी उनके साथ आगे बढ़ती है'

42वीं वर्षगांठ पर विशेष प्रेरणास्त्रोत बनीं प्रज्ञा विनीत मोदी

नागपुर.

महिला सशक्तिकरण, उद्यमिता और सामाजिक सेवा का जीवंत प्रतीक बन चुकीं प्रज्ञा विनीत मोदी आज अपना 42वां जन्मदिन मना रही हैं। इस विशेष अवसर पर 'नागपुर मेट्रो समाचार' और न्यूज़ एंड इनबीसीएन न्यूज़ परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनंदन। संघर्ष से आत्मनिर्भरता तक बरेली (म.प्र.) में जन्मी प्रज्ञा विनीत मोदी का जीवन एक प्रेरणादायक कहानी है। 2013 में पति के निधन जैसी त्रासदी को साहस और संकल्प से पार करते हुए, उन्होंने न केवल अपने जीवन को फिर से खड़ा किया, बल्कि समाज में हजारों महिलाओं के लिए बदलाव की मशाल बन गईं। शिक्षा के प्रति उनका समर्पण, कुकिंग क्लासेस से शुरू होकर हजारों छात्रों को प्रशिक्षित करने तक पहुँचा। उनका यह सफर साबित करता है कि आत्मनिर्भरता किसी एक कदम की नहीं, बल्कि सतत प्रयत्नों की परिणति है।

उद्यमिता की नई ऊचाइयां: प्रज्ञा मोदी ने महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और समाज को बेहतर बनाने की दिशा में अनेक उल्लेखनीय कार्य किये हैं 2015 में नागपुर में लेंस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की शुरुआत, 2016 में पति की स्मृति में निःशुल्क आई क्लिनिक की स्थापना, 2017 में मोदी लेन्सेस मॉल प्राइवेट लिमिटेड- एशिया का पहला छह मंजिला ऑप्टिकल मॉल, अब तक 1 लाख से अधिक लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सहायता.

सामाजिक नेतृत्व में अग्रणी भूमिका: दिव्यांगों के पुनर्वास, महिलाओं को स्वरोज़गार प्रशिक्षण, और सैकड़ों वर्कशॉप्स का आयोजन, विदर्भा ऑप्टिकल एसोसिएशन की प्रेजिडेंट-एकमात्र महिला जो इस भूमिका में पुरुषों के बीच नेतृत्व कर रही हैं, जीतो (जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन) की लेडी विंग की सक्रिय सदस्य, जीतो मॅट्रिमोनी की हेड के रूप में सामाजिक समर्पण का एक और आयाम.

सम्मान और पुरस्कारों की श्रृंखला: उनकी उपलब्धियों को देश भर में सराहा गया है जैसे लोकमत अवार्ड, महिला रत्न अवार्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, मास्टर शेफ इंडिया में सहभागिता संजीव कपूर के साथ 'रेडी स्टेडी कुक', भारत का पहला 'कॉन्टैक्ट लेंस फैशन शो', और कई अन्य प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित है.

एक प्रेरणा, एक आंदोलन: प्रज्ञा विनीत मोदी का जीवन इस बात का साक्ष्य है कि कठिनाइयां चाहे जितनी भी हों, अगर इरादे मजबूत हों तो हर चुनौती अवसर बन सकती है। वे आज महिलाओं के लिए हिम्मत, हौसले और उम्मीद की मिसाल हैं। उनका 42वां जन्मदिन केवल एक तिथि नहीं, बल्कि उस सफर का उत्सव है, जिसने हजारों ज़िंदगियों को रौशन किया। 'नागपुर मेट्रो समाचार' एवं इन बीसीएन न्यूज़ परिवार की ओर से प्रज्ञा विनीत मोदी को जन्मदिवस की ढेरों शुभकामनाएँ! आपका जीवन यू ही प्रेरणा की मशाल बना रहे- यही हमारी कामना है।